तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025

11 सत्य का मार्ग और सामाजिक एकता ही असली धर्म : बंजारे

12 विधायक ने सहसपुर धान खरीदी केंद्र का किया औचक...

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

कुणाल एग्रो राजीव लोचन मोटर पंप सर्विस
नलकूप खनन एवं सेलो बोर के लिए संपर्क करें
बोर खुदाई नगदी में पंप 3 महीने का उधारी मिलेगा
फ्लोमार्क सबर रिलायंस रोमैक्स आईडोल यह सभी कंपनी का 100 वोल्टेज से चलता है।

छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त पंजीकृत फॉर्म
कुणाल एग्रो

■ सांई मंदिर के सामने राजिम, 7828297607, 9009541542 ■ दुकली हाई स्कूल के सामने साहू हालर मिल धमतरी जिला

खबर संक्षेप

10वीं व12वीं के 180 छात्रों ने दी अर्धवार्षिक

राजिम। गरियाबंद जिले में कक्षा दसवीं एवं बारवीं की अर्धवार्षिक परीक्षा बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर केंद्र अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है अलग-अलग स्कूलों में अलग-अलग स्कूलों के केंद्र अध्यक्ष बनाए गए है। ग्राम बिजली के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धूमा का केंद्र अध्यक्ष बनाया गया है। श्री मिश्रा ने बताया कि 10वीं में 80 परीक्षार्थी तथा 12वीं में 100 परीक्षार्थी शामिल है। परीक्षा का आज आखिरी दिवस है।

मैनपुर में जिला स्तरीय शिविर आज

मैनपुर। सुशासन सप्ताह 2025 प्रशासन गांव की ओर अभियान अंतर्गत 20 दिसंबर दिन शनिवार को समय 11 बजे से वन विभाग परिषर मैनपुर में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी एस नागवंशी ने दिया है।

परतेवा मड़ाई 30 को

राजिम। 30 दिसंबर को ग्राम परतेवा में मड़ाई मेला का आयोजन ग्रामीणो द्वारा रखा गया है। यह जानकारी देते हुए सरपंच षटकोण साहू ने बताया कि मड़ाई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू को आमंत्रित किया गया है। रात्रि में सरायपाली के काका-भतीजा नाचा पार्टी का आयोजन है।

देवांगन समाज की बैठक कल

नवापारा-राजिम। नवापारा राज देवांगन समाज के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक कल 21 दिसंबर को सुबह 10 बजे ग्राम टीला, चंपारण में आयोजित की गई है। इस बैठक में अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, जनपद सदस्य निशा देवी-प्रवीण कल्ला भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में देवांगन समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी तथा समाज के संगठन को मजबूत करने विचार-विमर्श होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजू देवांगन ने दिया।

धान खरीदी : जल्द परिवहन नहीं होने पर किसानों को होगी परेशानी

धान खरीदी केंद्रों में बपर लिमिट से ढाई गुना ज्यादा हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत 03, गोहरापदर ब्रांच के 17 एवं देवभोग के 10 समेत कुल 30 खरीदी केंद्र में बफर लिमिट से ढाई गुना ज्यादा धान खरीदी हो गई। रख रखाव के लिए दिक्कतें शुरू, कभी भी बंद हो सकती है खरीदी। ट्रांसपोर्टर ने काम शुरू नहीं किया वही करोड़ों के भुगतान लंबित होने से मिलरो ने भी हांथ खड़े किए। गरियाबंद जिले के मैनपुर एवं देवभोग सहकारी खरीदी केन्द्रों में इन दिनों धान खरीदी युद्धगति में जारी है लेकिन खरीदी केन्द्रों में उठाव नहीं होने के कारण कई केन्द्रों में जगह की भारी कमी बनी हुई है जिसके चलते कभी भी धान खरीदी बंद हो सकती है। शाखा प्रबंधकों ने अपने उच्च कार्यालय में पत्र लिख कर उठाव की मांग किया है। साथ ही बंद होने की संभावनाओं को भी अवगत करा दिया है। धान उठाव के लिए जिला विपणन अधिकारी को भेजे गए मांग पत्र के मुताबिक देवभोग के 10 खरीदी केंद्र में खरीदी की बफर लिमिट 1 लाख 2000 तय थी, पर यहां 2 लाख 41546 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। इसी तरह गोहरापदर ब्रांच के 17 खरीदी केंद्र की बफर लिमिट 1 लाख 69200 क्विंटल की है, लेकिन यहां 3 लाख 45214 क्विंटल धान की खरीदी हो गई है। केंद्रों में अब रखरखाव की समस्या आ रही है। देवभोग केंद्र के प्राधिकृत अधिकारी कुंज बिहारी बेहरा ने कहा कि तय लिमिट से कई गुना ज्यादा खरीदी होने से धान की रख रखाव में समस्या आ रही है। खरीदी सुचारु रूप से चलता रहे उसके लिए उठाव की नितान्त आवश्यकता है। इस हफ्ते उठाव नहीं हुआ तो आने वाले सप्ताह से कई केंद्रों में खरीदी बंद करने की नौबत आ जाएगी। मैनपुर बीएम नयनसिंग दाउ, देवभोग बीएम अमरसिंह ठाकुर और गोहरापदर बीएम दुष्यन्त इंग्ले ने धान की मात्र बफर लिमिट से पार होने की पुष्टि किया है। तीनो ब्रांच ▶▶|शेष पेज 10 पर

उठाव शून्य होने से संकट गहराया

सोमवार से शुरू होगा उठाव : डीएमओ

जिला विपणन अधिकारी किशोर चंद्रा ने कहा कि ट्रांसपोर्टर से अनुबंध के बाद राज्य कमेटी के एप्रूवल की प्रकिया हो रही थी, लेकिन अब पूरी हो गई है। कुछ जगहों पर उठाव शुरू हो चुकी थी, सोमवार से देवभोग क्षेत्र से उठाव करेंगे। मिलरों की संख्या कम है। मौजूद 56 में से 24 ने ही अनुबंध कराया है। ऐसे में पड़ोसी जिले के मिलर से भी जल्द अनुबंध कराया जाएगा ताकि उठाव प्रकिया तेजी से बढ़ सके। गरियाबंद में कुछ मिलर्स के भौतिक सत्यापन के दौरान कस्टम मिलिंग के लिए दिए गए धान की मात्र में कमी पाई गई थी,ऐसे में वे अपात्र की श्रेणी में हैं।

सांई मंदिर के पास मिली शिक्षिका की जली लाश

इलाके में फैली दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय के पॉश इलाके साईं मंदिर के समीप शुक्रवार सुबह एक महिला की जली हुई लाश मिलने से पूरे शहर में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान सिविल लाइन निवासी और प्राथमिक शाला मजरकटा में पदस्थ शिक्षिका जिनेश्वरी कुर्रे के रूप में हुई है। इस हृदयविदारक घटना के बाद से स्थानीय लोगों में दहशत और शोक का माहौल है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षिका जिनेश्वरी कुर्रे शुक्रवार सुबह लगभग 7 बजे अपनी स्कूटी लेकर घर से निकली थीं। इसके कुछ ही घंटों बाद साईं मंदिर के पीछे झाड़ियों में एक महिला का जला हुआ शव देखे जाने की खबर मिली। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से शिनाख्त की कार्रवाई पूरी की। घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस ▶▶|शेष पेज 10 पर

हत्या या आत्महत्या? गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

प्रारंभिक जांच में मामला अत्यंत संदिग्ध नजर आ रहा है। पुलिस फिलहाल हत्या, आत्महत्या और दुर्घटना तीनों ही बिंदुओं पर गहराई से तफ्तीश कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों और समय का खुलासा हो पाएगा। पुलिस द्वारा मृतका के सहकर्मियों, परिजनों और परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे की किसी भी संभावित रंजिश या कारण का सुराग मिल सके।

कल से सघन पल्स पोलियो अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

विकासखंड फिंगेश्वर में बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 21 दिसंबर से 23 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्नेहलता हुमने ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएस नवरत्न सर के निर्देशन में, विकासखंड में पल्स पोलियो अभियान हेतु पूरी तैयारी कर ली गई है। 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को 21 दिसंबर 2025 को समय प्रातः 08 बजे से शाम 5 बजे तक बूथ स्थल जिसमें स्वास्थ्य केंद्र,आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन पर पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाई जाएगी। शेष दो दिन 22 व 23 दिसंबर को वैक्सीनेटर द्वारा घर घर भ्रमण कर छुट्टे हुए बच्चों को पोलियों की दो बूंद खुराक पिलाई जाएगी। पल्स पोलियों अभियान को सफल बनाने के लिए पल्स पोलियो अभियान से संबंधित सभी अधिकारी कर्मचारी, सुपरवाइजर आरएचओ सीएचओ ब्लॉक समन्वयक मितानिन कार्यक्रम मितानिन प्रशिक्षक, मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे दिया गया है। पोलियो की दवा की समय पर उपलब्धता और कार्य की प्रभावी निगरानी के लिए सभी पोलियो ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

कुर्मी समाज का प्रांतीय अधिवेशन व कुर्मी संझा का आयोजन आज से

राजिम। छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज का प्रादेशिक अधिवेशन एवं कूर्मि संझा का आयोजन 20 एवं 21 दिसंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम सक्ती में आयोजित की गई है। यह जानकारी देते हुए गरियाबंद जिला के अध्यक्ष पुरंदर वर्मा ने बताया कि प्रथम दिन के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा एलपी पटेल शामिल होंगे। अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष व दुर्ग सांसद विजय बघेल करेंगे। प्रथम दिन के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जांजगीर विधायक व्यास कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष लता-ऋषि चंद्राकर करेंगी। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश बैस शामिल होंगे तथा अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक करेंगे। द्वितीय दिवस के द्वितीय सत्र ▶▶|शेष पेज 10 पर

छत्तीसगढ़ व ओडिशा की टीमें दिखाएंगी दम

जिले में वॉलीबॉल का महाकुंभ आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में स्वर्गीय होरी लाल यादव की स्मृति में भव्य दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार 20 दिसंबर 2025 को सुबह 11 बजे से बेलडीही में श्रद्धा के साथ मनी बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती, जैतखाम पर फहराया गया श्वेत ध्वजहोगा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रतियोगिता को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों के अनुसार दर्शकों को इस बार उच्च स्तरीय, कड़े और बेहद रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। कान्हा क्लब गरियाबंद के तत्वावधान में आयोजित इस ओपन वॉलीबाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा की प्रतिष्ठित टीमें भाग ले रही हैं। बाहरी राज्यों से आने वाली अनुभवी टीमों की मौजूदगी से मुकाबलों का स्तर और अधिक रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है। टीम के कोच जी.डी. उपासने ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है। ऐसे आयोजनों से स्थानीय खिलाड़ियों को बाहर से आए अनुभवी खिलाड़ियों से सीखने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता युवाओं में अनुशासन, खेल भावना और जुनून को बढ़ावा देती है। जिला गरियाबंद वॉलीबाल एसोसिएशन के सचिव हरमेश चावड़ा ने बताया कि गरियाबंद लंबे समय से वॉलीबाल का गढ़ रहा है। जिला मुख्यालय में लगातार उच्च स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित होती रही हैं। प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार सुबह 11 बजे उद्घाटन के साथ ही मुकाबले प्रारंभ होंगे। उन्होंने कहा कि यहां से चयनित खिलाड़ी इंडिया कैंप तक पहुंचे हैं और उद्देश्य बेहतर खेल व बेहतर खिलाड़ी तैयार करना है। कान्हा क्लब के सीनियर खिलाड़ी ललित साहू एवं प्रीत सोनी ने जानकारी दी कि आयोजन एवं प्रबंधन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बाहर से आने वाली टीमों एवं खिलाड़ियों के ठहरने की समुचित व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता में नेशनल लेवल के रेफरी द्वारा मुकाबलों का संचालन ▶▶|शेष पेज 10 पर

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

रायपुर संस्करण - 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

खबर संक्षेप

बाबा जन्मोत्सव आज 22 को प्रदेश स्तरीय डीजे डांस स्पर्धा

छुईहा बेलर। ग्राम बारूला में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सतनामी समाज की तत्वावधान में गुरूघासीदास की 269 वें जयंती 20 दिसंबर मनाने जा रहें है। वहीं ग्राम वासी, युवा समीति के तत्वावधान में 22 दिसम्बर को प्रदेश स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। ग्राम सतनामी समाज अध्यक्ष रामप्रसाद बंजारे, उपसरपंच उत्तम सोनवानी, ग्राम पटेल लालजी पराना ने कहा की 20 दिसंबर शनिवार को बाबा गुरू घासीदास जी की जयंती मनाई जायेगी। इस अवसर पर गुरू अमरदास पंथीपार्टी, रात्रिकालीन कार्यक्रम नवाकिरण छत्तीसगढ़ी नाचापार्टी भंडारपुर का रखा गया है। जयंती कार्यक्रम मुख्यातिथि सरपंच सुकदेव साहू होगें।

राजेन्द्र साहू, डायमंड साहू, हिमांशु साहू ने कहा की ग्राम बारूला में ग्रामवासी की तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय डी जे डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें नियमानुसार प्रवेश शुल्क रखा गया है। प्रतियोगिता सामुहिक, युगल,एकल में अपनी प्रस्तुति देगें। इन सभी के लिए पृथक - पृथक इनाम रखा गया है। आयोजकों ने कुल 74 हजार रूपये की पुरुस्कार की व्यवस्था रखा गया है। उक्त कार्यक्रम का मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, सरपंच सुकदेव साहू, भाजपा नेता रामाधार साहू होगें।

विधायक की अनुशंसा पर 7 पुलिया निर्माण कार्यों के लिए 49.79 लाख रुपए स्वीकृत

गरियाबंद। बिन्द्रनवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक धुरव की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री बीएस उइके ने 7 निर्माण कार्यों के लिए 49 लाख 79 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड देवभोग, अंतर्गत ग्राम पंचायत दरलीपारा में गौठान मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत निष्टीगुड़ा में आडमुडीयापारा मार्ग पर पुलिया निर्माण तथा ग्राम पंचायत कुम्हड़ईखूर्द के शिवमंदिर मार्ग में अटल खेत के पास पुलिया निर्माण तथा ग्राम पंचायत डोहेल में आड़कटा तालाब मार्ग पर पुलिया निर्माण कराया जाएगा। उक्त चारों निर्माण कार्यों के लिए पृथक-पृथक रूप से 4 लाख 97 हजार रूपयें की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत निष्टीगुड़ा के फुलीमुड़ा से अडारपारा मार्ग में पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत झिरीपानी में बंदपारा में पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत दहीगाँव में प्राथमिक शाला बंदपारा मार्ग में महेश्वर के खेत पास पुलिया निर्माण कराया जाना है। उक्त तीनों निर्माण कार्यों के लिए पृथक-पुथक रूप से 9 लाख 97 हजार रूपयें की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई हैं तथा उक्त सातों निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत देवभोग को सौंपा गया है।

तैयारी : अधिकारियों की जिम्मेदारियां भी तय की गई

1 फरवरी से शुरू होगा आस्था का महाकुंभ सीएम की अध्यक्षता में बनी केंद्रीय समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 के आयोजन को लेकर छत्तीसगढ़ शासन ने औपचारिक रूप से अधिसूचना जारी कर दी है। छत्तीसगढ़ शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा जारी इस अधिसूचना का प्रकाशन राजपत्र में हो चुका है। इसके साथ ही मेला आयोजन की तैयारियों ने प्रशासनिक रूप ले लिया है। अधिसूचना के अनुसार राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन 1 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। वहीं मेला की प्रारंभिक तैयारियों एवं पश्चातवर्ती कार्यों के लिए अवधि 1 जनवरी से 15 मार्च 2026 तक अधिसूचित की गई है। शासन ने मेला संचालन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारियां भी तय कर दी हैं। अधिसूचना के तहत रायपुर संभाग के आयुक्त को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं गरियाबंद जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के संचालक को मेला का नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए एक स्थानीय समिति का गठन किया गया है। स्थानीय समिति के अध्यक्ष गरियाबंद कलेक्टर और सदस्य सचिव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद को बनाया गया है। स्थानीय समिति में सदस्य के रूप में उप सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, पुलिस अधीक्षक गरियाबंद, अनुविभागीय अधिकारी (रा) गरियाबंद, वन मंडलाधिकारी गरियाबंद, कार्यपालन अभियंता (लोनिवि), कार्यपालन अभियंता (पीएचई), कार्यपालन अभियंता (जल संसाधन), कार्यपालन अभियंता (विद्युत मंडल), पर्यटन मंडल के उप महाप्रबंधक (वित्त), संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के उप संचालक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवापारा-राजिम को शामिल किया गया है।

68 सदस्यों की बनी केंद्रीय समिति- राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 के सफल आयोजन और मार्गदर्शन के लिए शासन ने 68 सदस्यों की एक केंद्रीय समिति का भी गठन किया है। इस समिति के संरक्षक सह अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेय साय को बनाया गया है। सह संरक्षक द्वय उप मुख्यमंत्री अरूण साव और केबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल को शामिल किया है। केंद्रीय समिति में 46 विशिष्ट सदस्य एवं 16 सदस्य बनाए गए हैं, जिनमें मंत्री, सांसद, विधायक, संत-महात्मा, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हैं।

तैयारियां हुई तेज- बता दें कि राजिम कुंभ कल्प मेला शासन का प्रतिष्ठित आयोजन है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही शासन-प्रशासन स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं और आने वाले दिनों में मेला क्षेत्र में प्रशासनिक गतिविधियां और व्यवस्थाएं युद्ध स्तर पर प्रारंभ हो जाएगा। मेलाधिकारी सह कमिश्नर ने आयोजन की तैयारियों को लेकर 17 दिसंबर को प्रशासनिक अधिकारियों को बैठक लेकर आश्वयक दिशा निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने स्थल निरीक्षण कर तैयारियां तत्काल प्रारंभ करने निर्देशित किया है।

मंत्रियों और कलेक्टर को भेंट की गई हरिभूमि कैलेंडर की प्रतियां

मैनपुर। छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय अखबार सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब हरिभूमि 2026 गरियाबंद जिले के नया कलेंडर का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विमोचन करने के बाद मैनपुर के पत्रकार शेख हसन खान ने हरिभूमि कलेंडर की प्रति छत्तीसगढ़ के वनमंत्री केदार कश्यप, शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव, कौशल विकास तकनीकी शिक्षा, रोजगार अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरू खुशवंत साहेब एवं गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके को भेट किया। सभी ने अपनी शुभकामनाएं दी।

भाजपा नेता किशोर देवांगन की प्रदेश स्तर पर नियुक्ति से समाज में हर्ष

नवापारा-राजिम। भाजपा नेता किशोर देवांगन को बधाई देने के लिए शुक्रवार सुबह नवापारा राज देवांगन समाज के पदाधिकारी उनके निवास पहुंचकर बधाई दी। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि नवापारा राज देवांगन समाज के लिए यह बड़े ही गर्व की बात है कि समाज का एक युवा सदस्य प्रदेश में सत्ताधारी दल से संबंध राजनीतिक इकाई में प्रदेश स्तरीय पद पर नियुक्त हुआ है। कहा कि किशोर अपने मेहनत और लगन से भाजपा के लिए पूरी ईमानदारी से सतत काम करते हुए यह मुकाम हासिल किया है और समाज को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर किशोर ने समाज के सभी वरिष्ठो का चरण छूकर प्रणाम किया कहा कि सभी की शुभकामनाएं उनके लिए ऊर्जा का काम करेगी और वह अधिक उत्साह से पार्टी और समाज के पक्ष में कार्य करते हुए अपनी राजनीतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा। बधाई देने वालो में समाज के अध्यक्ष बुधराम देवांगन, प्रदीप देवांगन, खेलन देवांगन व सुरेश देवांगन सभी उपाध्यक्ष, खेमू देवांगन सलाहकार, महेश देवांगन सचिव, भागवत देवांगन सह सचिव, सतीश देवांगन कोषाध्यक्ष, धनेंद्र देवांगन सलाहकार, रामकुमार देवांगन, जयप्रकाश देवांगन, छन्नू देवांगन, प्रेम देवांगन, उमाशंकर देवांगन, गोपाल देवांगन, अन्नपूर्णा देवांगन, रेखा देवांगन, कुंती देवांगन, ऋतु देवांगन, मालती देवांगन आदि शामिल थे।

गोबरा मार्ग पर मादा तेंदुए और शावक की दस्तक

मैनपुर। मैनपुर गोबरा मार्ग में इन दिनो लगातार तेंदुआ की दहाड़ सुनाई दे रहा है। शुक्रवार को सुबह जंगल किनारे जलाउ लकड़ी लेने कुछ ग्रामीण महिलाएं पहुंची हुई थी कि मैनपुर से महज 06 किमी दूर पहाड़ी चट्टान में तेंदुआ अपने शावक के साथ विचरण करते दिखाई दिए। ग्रामीण महिलाएं डर से बगैर लकड़ी एकत्र किए वापस लौट गए और इसकी जानकारी ग्रामीणों के माध्यम से लोगों तक पहुंची। हालंकि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में वन्यप्राणी तेंदुआ पाया जाता है। मैनपुर क्षेत्र में तेन्दुआ व अन्य वन्य प्राणी आसानी से दिखाई देते है लेकिन पिछले एक पखवाड़े से मैनपुर से लगे पैरी उद्गम स्थल भाठीगढ़ पहाड़ी के नीचले छोर गोबरा मार्ग मे मादा तेन्दुआं और उसके शावक को आसानी से देखा जा रहा है। मादा तेन्दुआ और शावक की दहाड़ से इस मार्ग में आने -जाने वाले राहगीरों में डर बना हुआ है। तेन्दुआ और उसके शावक पहाड़ी क्षेत्र में घूम रहा है जिसके कारण इस मार्ग में देर शाम रात तक जाने वाले लोगों में डर देखने को मिल रहा है। भाठीगढ़ पहाड़ी में तेन्दुआ दिखाई देना सामान्य बात है लेकिन तेन्दुआ के साथ उसके शावक दिखने से लोगों में डर बनी हुई है क्योंकि वन्य प्राणी अपने बच्चे की सुरक्षा को लेकर काफी आक्रमक हो सकते है इसकी जानकारी स्थानीय वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को दिया गया है।

जिला जेल में बंदियों की आयु का सत्यापन, तीन बंदियों ने खुद को बताया नाबालिग, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जेलों में निरुद्ध बंदियों की आयु सत्यापन प्रक्रिया के तहत शुक्रवार 19 दिसंबर को जिला जेल गरियाबंद का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण दोपहर 3 बजे अधिवक्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के पैनल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक कुमार पाण्डेय के निर्देश तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के मार्गदर्शन में गठित जेल निरीक्षण समिति में किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य पूर्णिमा तिवारी एवं केमेश्वरी साहू, बाल कल्याण समिति की सदस्य ताकेश्वरी साहू, सामाजिक कार्यकर्ता लता नेताम तथा विधिक सह परिविक्षा अधिकारी शरदचंद निषाद शामिल रहे। निरीक्षण के

दौरान समिति द्वारा जिला जेल के कुल पांच बैरकों का अवलोकन किया गया। समिति ने प्रत्येक बंदी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी वास्तविक आयु के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के समय जेल में कुल 193 बंदी निरुद्ध पाए गए, जबकि 36 बंदी अपने प्रकरण की अग्रिम कार्यवाही के लिए न्यायालय गए हुए थे। निरीक्षण के दौरान तीन बंदियों ने अपनी आयु 18 वर्ष से कम होने की आशंका जताई। इस पर जेल निरीक्षण समिति द्वारा संबंधित बंदियों की जन्मतिथि का सत्यापन कर उनके प्रकरणों में आवश्यक अग्रिम कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया गया। निरीक्षण में यह भी स्पष्ट हुआ कि जेल में ऐसा कोई प्रकरण नहीं पाया गया, जिसमें निरुद्ध रहने के कारण किसी बच्चे की देखरेख करने वाला कोई उपलब्ध न हो। जेल निरीक्षण के दौरान सहायक जेल अधीक्षक रवि भूआर्य, जेल मास्टर कुंजलाल सिन्हा तथा जेल प्रहरी नरेंद्र पटेल एवं डेमू यादव का सहयोग रहा।

खोमन साहू ने संभाली फिंगेश्वर तहसील साहू संघ की कमान

छुईहा बेलर। साहू समाज के नव-निर्वाचित तहसील फिंगेश्वर खोमन साहू बेलर ने विधिवत शपथ ग्रहण किया। शपथ समारोह में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शपथ लेने के उपरांत खोमन साहू अपने संबोधन में अध्यक्ष ने कहा कि वे समाज की एकता, शिक्षा, सामाजिक समरसता और आर्थिक सशक्तिकरण को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सामूहिक प्रयासों से साहू समाज को नई ऊँचाइयों तक ले जाया जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि युवाओं को नेतृत्व से जोड़ना, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना और समाज की पारंपरिक मूल्यों के साथ आधुनिक सोच को आगे बढ़ाना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने सभी समाजजनों से सहयोग और मार्गदर्शन की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सदस्यों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएँ दीं और उनके नेतृत्व में समाज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का समापन

धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर तहसील साहू संघ फिंगेश्वर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष खोमन साहू बेलर एवं तहसील साहू संघ राजिम के नवनिर्वाचित जगदीश साहू को निर्वतमान अध्यक्ष रामजी साहू द्वारा परिक्षेत्र एवं नगर के समस्त उपस्थित समाज जनों के समक्ष विधिवत कार्य प्रभार सौंपा गया। प्रभार ग्रहण के पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संगठन सचिव एवं समस्त पदाधिकारियों को फुल माला से स्वागत किया गया। वहीं पुर्व पदाधिकारी का सम्मान पुर्वक पद विदाई दी गई। और उनके कार्यकाल की सराहना की गई। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व तहसील साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामजी साहू, उपाध्यक्ष पवन साहू, सचिव घनश्याम साहू, कोषाध्यक्ष झाडुराम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष विष्णु साहू, संरक्षक घनाराम साहू, नवनिर्वाचित अध्यक्ष खोमन साहू, जगदीश साहू, उपाध्यक्ष पवन साहू, संगीता साहू, टेमेश्वरी साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष नगर राजिम रामकुमार प्रकाश साहू, अश्वनी साहु, युगलकिशोर साहू, हरि साहू, डॉ. टुमन साहू, उमाशंकर साहू, गोवर्धन साहू, भवानी साहू, सोरिद, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, परिक्षेत्र सचिव बेलर अनूप साहू, राजिम तहसील के सम्माननीय उपाध्यक्ष धानबाई साहू सहित तहसील एवं परिक्षेत्र के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं भावी योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

ग्रामीणों ने चंदा कर खुद बना ली 10 किमी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सड़क बनवा दो साहब... मरम्मत करवा दो साहब की गुहार लगाते-लगाते जब ग्रामीण थक गए, तो उन्होंने खुद ही अपनी तकदीर बदलने का बीड़ा उठाया। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के भीतर बसे धमतरी जिले के अंतिम छोर के ग्राम चमेंदा (खल्लारी) के ग्रामीणों ने वह कर दिखाया, जिसे करने में शासन-प्रशासन वर्षों से नाकाम रहा। मैनपुर विकासखंड के गौरगांव से महज 5 किमी दूर स्थित चमेंदा गांव के ग्रामीणों ने आपस में मिलकर 40 हजार रुपये चंदा इकट्ठा किया। इस राशि से 1 जेसीबी मशीन और 5 ट्रैक्टर किराए पर लिए गए। लगभग 90 ग्रामीणों ने लगातार श्रमदान कर गौरगांव से चमेंदा और खल्लारी के बीच की 10 किलोमीटर लंबी बदहाल सड़क की मरम्मत कर दी।

- सिस्टम फेल, जनता पास, जनप्रतिनिधियों को दिखाया आईना

चुनाव बीतते ही भूल गए वादे- ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव के वक्त हर पार्टी के नेता हाथ जोड़कर वोट मांगने आते हैं और सड़क निर्माण का वादा करते हैं, लेकिन जीत के बाद कोई हालचाल जानने तक नहीं आता। राशन लाने के लिए खल्लारी जाना हो या मंडी के लिए रिसगांव, खराब रास्ते और नालों के कारण ग्रामीणों का जीना मुहाल था। ठंड और गर्मी में जैसे-तैसे रास्ता कट जाता था, लेकिन बारिश में यह गांव पूरी तरह कट जाता था।

टाइगर रिजर्व बना 'रोड़ा'- ग्रामीण सोनउराम, जागुराम और भुवन ने बताया कि चमेंदा गांव **उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व** के कोर एरिया में आता है। नियमों के मुताबिक यहां बीटी (डामर) रोड की अनुमति नहीं है। हालांकि, अब ग्रामीणों के इस स्वालंबन को देखकर धमतरी कलेक्टर ने जल्द ही 'मुरुम सड़क' बनवाने का आश्वासन दिया है।

योगिता सिन्हा बीजेपी प्रदेश महिला कार्यकारिणी में सदस्य बनाई गई

नवापारा-राजिम। भारतीय जनता पार्टी महिला प्रदेश कार्यकारिणी में रायपुर ग्रामीण से योगिता सिन्हा की नियुक्ति प्रदेश महिला कार्यसमिति सदस्य के रूप में हुई है। बता दें कि बीजेपी प्रदेश महिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, प्रवक्ता, कोषाध्यक्ष, समन्वयक, मीडिया प्रभारी, सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की पदस्थापना सूची में योगिता सिन्हा को प्रदेश महिला कार्यकारिणी सदस्य के पद में अहम जवाबदारी मिली है। योगिता सिन्हा बीजेपी की सक्रिय कार्यकर्ता, शासकीय कन्या महाविद्यालय नवापारा में विधायक प्रतिनिधि एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्थान पृथ्वी फाउंडेशन की अध्यक्ष है। योगिता सिन्हा ने प्रदेश महिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नियुक्त होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा महिला प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष विभा अवस्थी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, भंडार गृह निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग समेत सभी वरिष्ठ सम्माननीय भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। योगिता सिन्हा की नियुक्ति पर नवापारा नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा , विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता किशोर देवांगन, साधना सौरज, धनमती साहू, तनु मिश्रा, प्रेमलाल साहू, युधिष्ठिर चंद्राकर, अन्नपूर्णा देवांगन, धीरज साहू, हेमंत साहू, हेमलता साहू, के डी कंसारी, टीकम साहू, कैलाश तिवारी,प्रेम साधवानी, कोमल साहू, मनीषा सांखरे, राजू रजक, तुकाराम कंसारी, हर्षा कंसारी ने बधाई शुभकामना दी है।

पेज 9 के शेष...

धान खरीदी केंद्रों...

अफसरों ने बताया कि जिला विपणन और अपने नोडल को पत्र लिख कर समस्या से अवगत कराने की बात कही है।

करोड़ों का भुगतान अटका, मिलर भी पीछे हट रहे - संग्रहण केंद्र के अलावा डीओ के जरिए मिलरों से उठाव होता था। जिले में लगभग 60 मिलर थे, इनमें से अब तक 24 ने अनुबंध कराया, 22 ऐसे हैं जिन्हें अपात्र श्रेणी में रख मॉड्यूल से ही लॉक कर दिया गया है। इसके अलावा फोर्टीफाइड चावल की राशि, पिछले साल हुए परिवहन चार्ज, कस्टम मिलिंग की बिलिंग का करोड़ों रुपए का भुगतान शासन से लंबित है, इसलिए कई मिलर धान उठाव के लिए अनुबंध करने में रुचि नहीं ले रहे हैं।

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्र मैनपुर, शोभा, बम्हनीझोला, जिड़ार, गौरघाट, गोहरापदर, उरमाल, धौराकोट, ढोढर्रा, सीनापानी, कदलीमुड़ा, तेतलखुटी, झरगांव, चिचिया, बरबहली, अमलीपदर, मुड़गेलमाल, सरनाबहाल, भेजीपदर, गुरजीभाठा, खोखमा एवं फरसरा में अब तक 730281 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है लेकिन उठाव जीरो है। मैनपुर प्राधिकृत अधिकारी यमराज ओटी ने बताया धान खरीदी केन्द्र में जगह का अभाव बना हुआ है लगातार परिवहन की मांग कर रहे है अगले 2–4 दिन ऐसी ही रहा तो धान खरीदी बंद होने की संभावना है इससे किसानो को भारी परेशानी होगी। शासन प्रशासन को चाहिए की तत्काल धान का उठाव होना चाहिए।

सांईं मंदिर के...

अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं घटनास्थल को सुरक्षित कर साक्ष्यों का संकलन किया जा रहा है। आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है ताकि शिक्षिका के मार्ग और संदिग्धों का पता चल सके। मृतका का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है, जिसकी कॉल हिस्ट्री की जांच की जा रही है।

कल से सघन पल्स...

बूथों को 06 सेक्टर में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर के लिए दो सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी इलाकों में बनाए गए हैं पोलियो बूथ- मोबाइल टीम ट्रांजिट टीम गठन अभियान की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के साथ -साथ शहरी इलाकों में बस स्टैंड पर पोलियो बूथ बनाए गए है। वहीं खदानों ईंट भट्टो छात्रवासों मदरसों हाई रिस्क एरिया के लिए ट्रांजिट टीम बनाया गया है, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की दो बंद खुराक से ना छुटे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हुमने ने सभी नागरिकों से अपील किया है कि अपने बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए 21 दिसंबर को पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो की दो बूंद जरूर पिलाए। आप सब के सहयोग से पहले दिन ही बूथ स्थल पर 100 प्रतिशत बच्चो को पोलियो की दो बूंद पिलाई जा सके। ढूंढेंगे अबकी बार हर छूटा बच्चा हर छूटा द्वार प्रशिक्षण बीपीएम सौरभ विरमानी व बीईटीओ योगेश पराना के द्वारा दिया गया।

कूर्मि समाज का प्रांतीय...

के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे तथा अध्यक्षता सतना मध्यप्रदेश के सांसद गणेश सिंह करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश के पदाधिकारियों, सभी जिला के जिलाध्यक्ष तथा समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी अतिथि के रूप में होगी। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र छात्राओं, संघ लोकसेवा आयोग,राज्य लोकसेवा आयोग ,सीए ,आईआईटी, एनडीए चयनित, खेल विधा में समाज का नाम रौशन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा तथा कुर्मी गौरव सम्मान का भी आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम डिजिटल व वर्चुअल मोड पर भी आयोजित होने के कारण इस कार्यक्रम में हजारों लोग जुड़ सकेंगे।

जिले में वॉलीबॉल...

किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों के बैठने, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। दो दिनों तक चलने वाला यह वॉलीबाल महाकुंभ गरियाबंद के खेल प्रेमियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होगा। पार्षद छगन यादव ने स्वर्गीय होरी लाल यादव को स्मरण करते हुए बताया कि उनके अकालिक निधन से खेल जगत एवं कान्हा क्लब को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने एवं खेल के प्रति उनके समर्पण को सम्मान देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय होरी लाल यादव न केवल एक उत्कृष्ट खिलाड़ी थे, बल्कि कान्हा क्लब के अभिन्न सदस्य भी रहे। क्लब को संगठित करने और आगे बढ़ाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी स्मृति में आयोजित यह प्रतियोगिता श्रद्धांजलि के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को खेल के प्रति समर्पण, अनुशासन और टीम भावना का संदेश देगी।

खबर संक्षेप

राजिम में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हेमंत नागेश का हुआ शानदार स्वागत

राजिम। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हेमंत नागेश का राजिम के प्रेम रतन मैरिज पैलेस में भाजपा नेता जितेंद्र राजू सोनकर ,राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ,पूर्व पार्षद नंदी शर्मा ने फूलमाला पहनाकर गुलदस्ता भेंट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गुरुनारायण तिवारी ,भाजयुमो के प्रदेश पदाधिकारी अभिषेक सोनकर तथा अनेको भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। श्री सोनकर ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा मोर्चा के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रवाद और संगठनात्मक मजबूती पर बल देते हुए युवाओं को भारतीय जनता युवा मोर्चा के साथ सक्रिय रूप से जोड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा नेता लाला साहू ने कहा कि युवा शक्ति ही देश और प्रदेश के विकास की आधारशिला है। युवाओं को पार्टी के प्रति प्रेम, आस्था और विश्वास बढ़ाने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के विकास में रचनात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

नरोत्तम बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री

मैनपुर। मैनपुर क्षेत्र के भाजपा के सक्रिय युवा नेता नरोत्तम साहू को पिछड़ा वर्ग आयोग मोर्चा के प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है जिससे मैनपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं प्रदेश महामंत्री

(संगठन) पवन साय की अनुशंसा एवं सहमति से प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू द्वारा भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश पदाधिकारियों, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों एवं जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई है। जिसमें मैनपुर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता नरोत्तम साहू को भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री का दायित्व मिला है। ज्ञात हो कि नरोत्तम साहू पूर्व में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, लघु वनोपज सहकारी समिति के जिला अध्यक्ष, बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा सहसंयोजक एवं लोकसभा में विधानसभा के संयोजक के दायित्व बखुबी निभा चुके है उनके सक्रियता और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू ने कहा संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी सौपा गया है उसमें पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस नियुक्ति के बाद पूरे मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के साथ साथ गरियाबंद जिले मे भाजपा कार्यकर्ताओं मे खुशी का महौल व्याप्त है। भाजपा मंडल मैनपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशियां मनाई साथ ही प्रदेश मंत्री भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा नरोत्तम साहू को बधाई शुभकामनाएं दी गई।

जयंती : मनखे-मनखे एक समान के जयघोष के साथ मनी गुरु घासीदास जयंती

सत्य का मार्ग और सामाजिक एकता ही असली धर्म : बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

सतनाम धर्म के प्रवर्तक, सत्य और अहिंसा के पुजारी बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती फिंगेश्वर नगर में हर्षोल्लास और सेवा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जहां एक ओर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए, वहीं दूसरी ओर सामाजिक सरोकार निभाते हुए रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।जयंती के अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारे को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। समाज के संतोष माण्डले (भंडारी), पन्नालाल बंजारे, दशरथ बंजारे, और शिवनारायण खुटे सहित अन्य प्रमुख सदस्यों ने पवित्र जैतखाम पर विधि-विधान से पालो (श्वेत ध्वज) चढ़ाया। रात्रि में समाजजनों ने

दीप-ज्योति जलाकर बाबा को नमन किया। मानवता की सेवा करते हुए सतनामी समाज और नगरवासियों ने बिलासा ब्लड बैंक, रायपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जगदीश यदु, हीरालाल बंजारे, मानसिंह माण्डले और सूरज सहित कई युवाओं ने कुल 18 यूनिट रक्तदान किया। गौरतलब है कि यह रक्तदान का लगातार दूसरा वर्ष है, जिसकी नगर के गणमान्य नागरिकों ने सराहना की। शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। पं. रविशंकर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक संतोष डहरिया ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

सामाजिक बुराइयों से दूर रहें- नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दूजलाल बंजारे ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि हमें बाबा के बताए सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने 'मनखे-मनखे एक समान' की भावना को आत्मसात करने और सामाजिक बुराइयों को त्याग कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, जगदीश पराना, राजऋषि टंडन, खिलेश्वर सोनवानी, अनिल चंद्राकर, चंद्रशेखर हरित, रामूराम साहू, अशोक साहू, करीम खान, शब्बीर खान, और शांति कोसरे सहित बड़ी संख्या में समाजजन और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

नवापारा में गुरु घासीदास बाबा की जयंती की धूम, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा में नगर सतनामी समाज के तत्वावधान में सतनाम धर्म के पथ प्रदर्शक संत परम पूज्य गुरू घासीदास जी का 269वां जयंती गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जयंती दिवस पर सतनामी पारा वार्ड क्र - 9 स्थित संत बाबा गुरुघासीदास मंदिर में आकर्षक साज सजावट की गई थी। सुबह बाबा का गद्दी पूजन व आसन पश्चात घी का ज्योत जलाया गया। दोपहर 12 बजे समाज के युवाओ द्वारा ऐतिहासिक बाइक रैली निकाली गई जो नवापारा सहित आसपास के गांवो से होकर गुजरी. दोपहर 2 बजे श्वेत ध्वजा पालो चढ़ाया गया। तत्पश्चात शाम 5 बजे 'समाज द्वारा डीजे, धुमाल व पारम्परिक पंथी के थाप पर भव्य विशाल शोभायात्रा में बाबा के महिमा की झाँकिया निकाली गई। जिनमें बाबा द्वारा गरियार बैल को नांगर में चलाना, राजा गुरु बालकदास की प्रतिमा, सतनाम धर्म की आस्था का प्रतीक जोड़ा जैतखाम के साथ बाबा की गद्दी आसान रथ पर सवार था। इस शोभायात्रा को देखने हजारों की संख्या में नगरवासी चौक चौराहो पर उपस्थित थे। इस शोभायात्रा का नवापारा मुस्लिम जमात के युवाओ व पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू के नेतृत्व में स्वागत हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने मे नगर सतनामी समाज की ओर से समाज के अध्यक्ष दिनेश टंडन, विजय गिलहरे गुरूजी , पालिका सभापति केकती बाई सोनवानी, टिकेश्वर गिलहरे, शिवनाथ बंजारे, तीजुराम बीफरे,राजेश गिलहरे, जीतेन्द्र कोसरे, चम्पू नवरंगे, टिकेश्वर गिलहरे, सागर कुर्रे, लखन बिफरे, कान्हा, ढाकेश्वर बीफरे, संतोष गिलहरे, युवा उपाध्यक्ष सागर गिलहरे, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र जांगड़े, सचिव कान्हा गिलहरे, सहसचिव मुकेश बांधे, सह संचालक राजेश गिलहरे, संरक्षक विश्वनाथ नवरंगे सहित सभी सजातीय बंधुओ का सराहनीय योगदान रहा।

स्वच्छता अभियान चलाकर मनाई बाबा गुरु घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर छुरा नगर में एक अनूठी पहल देखने को मिली। 'हमारा गौरव, हमारा अस्तित्व, हमारी पहचान, हमारा कर्तव्य' के अंतर्गत 'प्रथम सुख निरोगी काया' की थीम पर 'उन्मुक्त गगन खेल मैदान' में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर के खेल प्रेमियों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन वेटलिफ्टिंग संघ, महिला बैडमिंटन क्लब, कोशिश क्लब,

यूनिटी क्लब और नगर के विभिन्न छात्रावासों के विद्यार्थियों के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। नगर पंचायत प्रशासन ने भी इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। संयोजक शीतल ध्रुव (समाजसेवी) के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में भोलेशंकर जायसवाल, विनोद देवांगन, लॉरेंस महिलांगे और सौरभ सारडा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही यंतिका नेताम, सुजाता, देवश्री, जिज्ञासा, राजेश्वरी ठाकुर और अंशु सहित अनेक युवाओं ने श्रमदान कर खेल मैदान की सफाई की। स्वच्छता अभियान के दौरान वक्ताओं ने बाबा गुरु घासीदास जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाबा ने न केवल 'मनखे-मनखे एक समान' का नारा दिया, बल्कि समाज में व्याप्त कई कुरीतियों पर प्रहार किया बाबा ने छुआछूत का विरोध कर कर्म को प्रधानता दी। चोरी, जुआ, मांसाहार और नशापान जैसी बुराइयों से दूर रहने की सीख दी। महिलाओं के अधिकारों और विधवा विवाह का पुरजोर समर्थन किया। जीव हत्या का विरोध कर पशुओं के प्रति भी प्रेम भाव रखने का संदेश दिया। आयोजकों ने कहा कि बाबा की जयंती पर केवल उत्सव मनाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके बताए 'स्वच्छता और नैतिकता' के मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

पूर्व विधायक धनेंद्र ने गुरु गद्दी की पूजा की, मत्था टेक लिया आशीर्वाद

नवापारा-राजिम। संत गुरुघासी दास बाबा जी की 269 वीं जयंती अवसर पर वार्ड नं 9 में आयोजित जयंती कार्यक्रम में पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने गुरुघासी दास जी की गुरु गद्दी की पूजा अर्चना कर उपस्थित सभी सामाजिक जनों को बधाई दी साथ ही क्षेत्रवासियो के लिए सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि संत गुरुघासी दास जी के जीवन चरित्र को हम सभी को अपनाने की आवश्यकता हैं। बाबा जी पूरी दुनिया को समाजिक समरसता का संदेश दिया। मनखे मनखे एक समान के संदेश के साथ उन्होंने समाज में व्याप्त छुआछुत, उच्च नीच की खाई को खत्म करने के लिए सदैव कार्य किया। इस अवसर पर पूर्व नपा.अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पार्षद टिकेश्वर गिलहरे, अर्जुन साहू, हेमंत साहनी, पूर्व पार्षद मंगराज सोनकर, प्रदीप कोसरे, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष निर्माण यादव, सुरेंद्र साहू, दाऊ साहू, विरेन्द्र राजपूत, बल्लू साहू व जीतेन्द्र कोसरे सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

गुरु घासीदास जयंती पर समाज के युवाओं ने निकाली भव्य बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा सतनामी समाज के तत्वावधान में संत बाबा गुरुघासी दास जी की 269 वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। समाज के अध्यक्ष दिनेश टंडन, उपाध्यक्ष कान्हा गिलहरे व पार्षद टिकेश्वर गिलहरे के नेतृत्व में जयंती के शुभ अवसर पर सुबह 12 बजे समाज के युवाओ द्वारा विशाल बाइक रैली निकाली गई जो नगर के सदर, गंज मार्ग से गुजरते हुए तर्री, पटेवा, कुर्रा, शीतलापारा होते हुए वापस उसी जगह पर आकर समाप्त हुई। उक्त रैली में समाज के सैकड़ो युवा शामिल थे। इस अवसर पर नवापारा सतनामी समाज के अध्यक्ष दिनेश टंडन, उपाध्यक्ष कान्हा गिलहरे, पार्षद टिकेश्वर गिलहरे, सागर नवरंगे, प्रहलाद बंजारे ,जीतेन्द्र कोसरे, सागर, हिमांशु, नीलकंठ, नंदू, ढाकेश्वर आदि सदस्यगण सहित बड़ी संख्या मे समाज के युवा साथी उपस्थित थे।

कुण्डेल और चरौदा में विधायक रोहित ने फहराया पालो, कहा- सृजन और संघर्ष के प्रतीक थे बाबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों कुण्डेल, चरौदा, सेंदर और बोरिद में सतनाम धर्म के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू शामिल हुए। उन्होंने पवित्र जैतखाम पर नया पालो (श्वेत ध्वज) चढ़ाया और बाबा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि गुरु घासीदास जी संघर्ष और सृजन के अद्वितीय प्रतीक थे। उन्होंने बुद्ध के मानवीय दर्शन को आगे बढ़ाते हुए समाज के शोषित वर्ग को

आत्मसम्मान के साथ जीना सिखाया। विधायक ने आगे कहा बाबा जी का संतत्व उनके क्रांतिकारी जीवन का स्रोत था। उन्होंने जातिभेद के खिलाफ एक समतावादी समाज की रचना की। विधायक ने इस अवसर पर सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राजिम विधानसभा को विकास कार्यों के लिए 776 करोड़ रुपये की अभूतपूर्व राशि प्राप्त हुई है। भाजपा सरकार किसानों और हर वर्ग के हित के लिए प्रतिबद्ध है।

जाति के जंजालों से मुक्ति का मार्ग: इंद्रजीत

विशिष्ट अतिथि एवं जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक ने कहा कि सतनामी पंथ देश का पहला ऐसा क्रांतिकारी प्रयास था, जिसने जाति के जंजालों को तोड़कर सामाजिक बदलाव की नींव रखी। उन्होंने कहा गुरु घासीदास जी केवल एक संत नहीं, बल्कि एक महान दार्शनिक थे। उनके अनुयायी आज भी व्यसनों से दूर रहकर सादगी और सांप्रदायिक सौहार्द का जीवन जी रहे हैं। उन्होंने गुरु बालकदास, साहिबदास और आगरदास जी द्वारा इस सतनाम विरासत को आगे बढ़ाने के योगदान को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, सरपंच गज्जू सिन्हा, और सतनामी समाज के देवप्रसाद बघेल प्रमुख रूप से मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालक आशा कांत रजक, राजेश सिन्हा, समाज अध्यक्ष तुलसी राम, हेमंत वर्मा, सरपंच देवेंद्र वर्मा, बेनीशंकर साहू, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक खोमन सिन्हा, हरि राम साहू, किशोर साहू (निज सहायक), सुंदर बंजारे, रेखराज बंजारे और चरौदा सरपंच गजानंद साहू सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

आदिवासी कन्या छात्रावास में मनाया गया शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस

शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान, छत्तीसगढ़ की अस्मिता व स्वाभिमान का अमर प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के आदिवासी कन्या छात्रावास में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस (बलिदान दिवस) पूरी श्रद्धा और गौरव के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रावास की छात्राओं को महान जननायक के शौर्य और उनके बलिदान की गाथा से अवगत कराया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद ,शीतल धुव सचिव, सपना कंसारी अधीक्षक थे। जिलाध्यक्ष ने कहा शहीद वीर नारायण सिंह (1795–1857) छत्तीसगढ़ के ऐसे वीर पुरुष थे जिन्होंने अंग्रेजी शासन के अत्याचारों और आर्थिक शोषण के विरुद्ध सबसे पहले संगठित प्रतिरोध खड़ा किया। सोनाखान के जमींदार परिवार में जन्मे इस जननायक ने अपने पद और अधिकार का उपयोग जनता की सेवा और संरक्षण के लिए किया।वे केवल एक प्रशासक नहीं बल्कि जनता के दुखदर्द को समझने वाले संवेदनशील नेता थे। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान छत्तीसगढ़ में विद्रोह की चिंगारी जगाने का श्रेय वीर नारायण सिंह को जाता है। अकाल के समय अंग्रेज अधिकारियों और साहूकारों द्वारा अनाज छिपाकर महंगे दामों पर बेचने की कोशिश का उन्होंने खुलकर विरोध किया। उन्होंने गोदामों से अनाज निकलवाकर गरीबों में बाँटा, जिससे अंग्रेज शासन के विरुद्ध जनआक्रोश को दिशा मिली। उन्होंने किसानों, ग्रामीणों और आदिवासी समुदायों को संगठित कर अंग्रेजों के खिलाफ प्रतिरोध को मजबूत किया।गिरफ्तारी के बाद भी जनता के सहयोग से जेल से निकलकर उन्होंने विद्रोह को पुनर्जीवित किया।उनके नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ में 1857 की क्रांति को स्थानीय स्वरूप दिया और अंग्रेजों को चुनौती दी। उनकी बढ़ती लोकप्रियता और प्रभाव से भयभीत अंग्रेजों ने 10 दिसंबर 1857 को रायपुर में उन्हें फाँसी दे दी। उनकी शहादत ने प्रदेश में स्वतंत्रता की चेतना को और प्रबल किया।शीतल ध्रुव समाजसेवी ने जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत भारतीय इतिहास में जनजातीय समाज का उल्लेखनीय योगदान है, जनजातीय समाज के नायक नायिकों ने जब जब देश की सुरक्षा पर संकट आया जनजातीय समाज ने अपने शौर्य और बलिदान से राष्ट्र की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

शहीद सिंह का जीवन समाज और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

संघर्ष के दौरान मिली चुनौतियां अंग्रेजी शासन का कठोर दमन और लगातार निगरानी अकालग्रस्त जनता की पीड़ा को दूर करने में प्रशासनिक बाधाएं ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में संगठन खड़ा करने की कठिनाइयां आर्थिक शोषण और करवसूली की नीतियों का विरोध करते हुए जोखिम उठाना इन चुनौतियों के बावजूद वे अपने संकल्प से पीछे नहीं हटे। आज के परिप्रेक्ष्य में उनसे मिलने वाली सीख शहीद वीर नारायण सिंह का जीवन वर्तमान समाज और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। जनसेवा सर्वोपरि सत्ता

से अधिक जनता के हित को महत्व देना। कठिन परिस्थितियों में भी सत्य और न्याय के लिए खड़े रहना। नेतृत्व और संगठन क्षमता सीमित संसाधनों में भी लोगों को एकजुट कर परिवर्तन लाना। सामाजिक संवेदन शीलता भूखे, गरीब और वंचितों के लिए संघर्ष करना ही सच्चा राष्ट्रधर्म है। युवाओं के लिए संदेश त्याग, साहस, जिम्मेदारी और राष्ट्रप्रेम जीवन के मूल मूल्य होने चाहिए। शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान छत्तीसगढ़ की अस्मिता, स्वाभिमान और संघर्षशीलता का प्रतीक है। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि एक व्यक्ति भी दृढ़ संकल्प और जनहित की भावना से इतिहास की दिशा बदल सकता है।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय
गरियाबंद, जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़

शपथ पत्र

मैं तुलाराम नागेश पिता श्री श्यामू नागेश जाति माली निवासी ग्राम धवलपुर तहसील व जिला गरियाबंद छ.ग. का निवासी हूँ जो कि शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरी पुत्री के नाम से आधार कार्ड क्रमांक 4795 1629 4404 जारी हुआ है, जिसमें मेरी पुत्री का नाम कुमारी सुनीता बिसी पिता तुलाराम बिसी दर्ज है, जबकि मेरे पुत्री के अन्य दस्तावेज में नाम कु. हिरेन्द्री नागेश पिता तुलाराम नागेश दर्ज है।
3. यह कि उक्त आधार कार्ड में अंकित नाम कुमारी सुनीता बिसी पिता तुलाराम बिसी को मै सुधार कर अब कु. हिरेन्द्री नागेश पिता तुलाराम नागेश दर्ज कराना चाहता हूँ।
4. यह कि मेरे द्वारा दी जा रही जानकारी सत्य एवं सही है।
5. यह कि उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन :-

मैं तुलाराम नागेश पिता श्री श्यामू नागेश जाति माली निवासी ग्राम धवलपुर तहसील व जिला गरियाबंद छ.ग. का हूँ जो कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका 1 से 5 तक में लिखे समस्त बातें सत्य वो सही है जिसे अपना हस्ताक्षर गरियाबंद में दिनांक 16/09/2025 को सत्यापित किया।

सत्यापनकर्ता
तुलाराम

खबर संक्षेप

रेखा सोनकर महिला मोर्चा में प्रदेश कार्य समिति के बनाए गए सदस्य

राजिम। राजिम नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तीसरी बार प्रदेश कार्य समिति का सदस्य बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ,संगठन महामंत्री पवन साय के निर्देशन में महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने श्रीमती सोनकर को यह दायित्व दी। श्रीमती सोनकर ने पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रीमती सोनकर के इस मनोनयन से राजिम विधायक रोहित साहू ,राज्य गृह भंडार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, गरियाबंद जिला के अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महामंत्री आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू, को ऑपरेटिव सोसाइटी के महाध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष बिंदु सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अंजू नायक, गरियाबंद नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष निलेश्वरी साहू, गरियाबंद नगर पालिका के अध्यक्ष रिखी यादव, शीतल पांडे, उपाध्यक्ष मनीष हरित, राजू साहू, कमला थवानी, पूर्णिमा चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, छाया राही, देवकी साहू, मधु नत्थानी, खुशी साहू, राजिम भक्ति समिति के अध्यक्ष लाला साहू, संजीव चंद्राकर, आशीष शिंदे, ओमप्रकाश आडिल, राधेश्याम बंजारे, सोमप्रकाश साहू, प्रवीण पुष्पाकर, लोकेश्वरी यादव, मंडल के महामंत्री जितेंद्र पंदरिया, रेणुका साहू, महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अनिता यादव, कांति सोनकर, पूरन यादव, राजेश धीवर, सोमनाथ पटेल, शरद पारकर सहित कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

जयंती : नगर पंचायत कोपरा में गुरु घासीदास बाबा जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई

मानवता व सामाजिक समरसता का प्रतीक है सतनाम संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर पंचायत कोपरा में परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जयंती का आयोजन श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता के संदेश के साथ भव्य रूप से किया गया। सतनामी समाज नगर पंचायत कोपरा के तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत नगर में भव्य शोभा एवं कलश यात्रा के साथ हुई। 18 दिसंबर गुरुवार 18 दिसंबर 2025 को प्रातः 8 बजे से नगर भ्रमण के लिए भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में समाज की युवतियां, महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। हाथों में कलश लिए महिलाएं भक्ति गीतों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचीं। पूरे नगर में जय सतनाम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। दोपहर 3 बजे पाली चढ़ाया गया तथा रात्रिकालीन सतनाम भजन कार्यक्रम का आयोजन चांदमाठ घासीदास चौक, कोपरा में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। दिन शुक्रवार 19 दिसंबर 2025 को सतनामी पारा घासीदास चौक, कोपरा में मड़ई मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोहरा पंचपेंड़ी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। दोपहर 3 बजे पुनः पाली चढ़ाया गया।

समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने गुरु घासीदास बाबा के सतनाम संदेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सतनाम संदेश यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समानता, मानवता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। गुरु घासीदास बाबा द्वारा दिए गए विचार आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। आयोजन समिति एवं सतनामी समाज नगर पंचायत कोपरा ने सभी समाजजनों, अतिथियों एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण,

बेलडीही में मनी बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती, जैतखाम में चढ़ाया पालो

रसेला। संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269 वीं जयंती के पावन अवसर पर ग्राम रसेला के पारा बेलडीही में सभी आमंत्रित अतिथियों द्वारा जैतखाम की विधिवत पूजा अर्चना कर श्वेत ध्वज (सतनाम पताका) चढ़ाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच रूपादेवी ठाकुर, अध्यक्षता उपसरपंच परमेश्वर यादव, विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, ग्राम पटेल लोकराम यादव, पंच मालती बाई मार्कण्डेय, कुबेर बारिक, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, कमलेश्वर नायक, इकबाल मेमन,देवलाल बारिक, नदुदास मानिकपुरी, संतराम नेताम, रायसिंह पटवारी, पवन ठाकुर, मालती ठाकुर सहित आमंत्रित अतिथिगण मौजूद थे। मंच पर विराजमान सभी अतिथियों का स्वागत चंदन का तिलक लगाकर किया गया। सभा को संबोधित करते हुए सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर लोगों को एकजुटता का मार्ग दिखाया है, जो सार्थक नजर आ रहा है। उन्होंने बाबा के बताए सत्य के मार्ग में चलने प्रेरित किया। बाबा के बताए

सत्य मार्ग में चलकर अपने जीवन को सार्थक बनाएं। इसी कड़ी में उपसरपंच परमेश्वर यादव ने उद्बोधन में कहा कि लोगों को जीवन स्वेत पालों की तरह सफ़ेद, स्वच्छ और साफ सुथरा रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमेशा ऐसे कार्य करने चाहिए जिससे दूसरो को किसी प्रकार का दुःख न हो। जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास मानवता के पुजारी तथा सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। ग्राम पटेल लोकराम, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, कमलेश्वर नायक ने कहा कि बाबा ने असमानता की दूर करने के लिए घनघोर जंगल के मध्य छाता पहाड़ पर पेड़ के नीचे बैठकर तपस्या की। आज के दौर में बाबा गुरु घासीदास के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में एकता, सदभावना, भाईचारा लाया जा सकता है। जैतखाम में पालों चढ़ाते हुए देवकुमार मार्कण्डेय ने कहा मानवता को नकारने वाला मानव जाति का प्राणी हो ही नहीं सकता। मानव जाति अपने विचारों के दृष्टिकोण से स्वतंत्र है, लेकिन चैतन्य होने के कारण प्रकृति प्रदत्त अपने गुणों का निर्वहन करना पड़ता है, स्वाभाविक है मानव जाति का गुण धर्म मानवता है। ग्रामीण देवलाल बारिक, कुबेर बारिक ने बताया कि जयंती के कार्यक्रम पर समाज के लोगों के साथ पूरे पारावासी जन एकजुट होकर आयोजन पर्व की तरह मनाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सतनामी समाज बेलडीही के भण्डारी राधेश्याम, जगत राम, भानुप्रताप, शंकर लाल कुर्रे, ईश्वर, कन्हैया, मेहत्तर, नेमीचंद, तुलाराम, हेमनारायण,सुरज, हुमन, भगोली राम सहित समाज के महिलाएं का भी योगदान रहा। कार्यक्रम संचालन ईश्वर मरकाम ने की।

विधायक ने सहसपुर धान खरीदी केंद्र का किया औचक निरीक्षण अधिकारियों को दी सख्त चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रदेश में धान खरीदी का कार्य लगातार जारी है। इसी कड़ी में किसानों को मिल रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू सहसपुर के धान खरीदी केंद्र में अचानक पहुंचे और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक रोहित साहू ने एक-एक व्यवस्था की पड़ताल की। उन्होंने नमी मापक यंत्र को चेक किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानक स्तर पर धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। तौल मशीनों की सटीकता जांची गई ताकि किसानों को एक ग्राम का भी नुकसान न हो। साथ ही उन्होंने मौके पर मौजूद प्रबंधकों से बारदानों के स्टॉक के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विधायक ने केंद्र प्रभारी और उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट लहजे में निर्देशित करते हुए कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। धान बेचने आए किसी भी किसान को भटकना न पड़े और न ही उन्हें किसी भी प्रकार की तकनीकी दिक्कत का सामना करना पड़े। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विधायक रोहित साहू ने केंद्र में मौजूद किसानों से भी चर्चा की। उन्होंने किसानों से टोकन और भुगतान में की समस्या के बारे में बात की। इस दौरान नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, सोसायटी के प्राधिकृत अध्यक्ष लाला साहू, सोसाइटी प्रबंधक देवलाल साहू, सिर्रीखुर्द के सरपंच देवेन्द्र वर्मा, पूर्व सरपंच टिकेश्वर साहू, हीरा लाल साहू आदि उपस्थित रहे।

ग्राम कुटेना में सतनामी समाज की नई कार्यकारिणी का गठन

गरियाबंद। 19 दिसंबर को सतनामी समाज ग्राम कुटेना की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं सदस्यों की उपस्थिति में सामाजिक पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से गठन किया गया। गठित कार्यकारिणी के अनुसार कृष्ण कुमार टंडन को अध्यक्ष, हरीश कुमार घृतलहरे को उपाध्यक्ष, संजय भारती को सचिव तथा दयानंद महिलागे को सह सचिव बनाया गया। वहीं संतोष सोनवानी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा मनोज मार्कण्डेय को सलाहकार नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में पेमेंट सोनवानी, जलेंद्र कुर्रे, सत्यनारायण कोसले, बुधारू सोनवानी एवं देवनारायण मार्कण्डेय को शामिल किया गया। बैठक में समाज की एकता, संगठन को मजबूत करने तथा आगामी सामाजिक कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाजजनों ने शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।